**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**14.09.2024** **1945बजे**

## मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री ने कहा– अवैध और नकली शराब के मामलों में संपत्ति जब्त करने का प्रावधान करने वाला देश का पहला राज्य बना हिमाचल।
- ऊना ज़िले में आलू आधारित आर्थिकी को बढ़ावा देने के लिए सरकार उठाएगी ठोस कदम।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने मण्डी में पिछले कल लोगों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर की गई बलपूर्वक कार्रवाई को बताया दुर्भाग्यपूर्ण।
- राष्ट्रीय लोक अदालतों में आज प्रदेशभर में हुआ 64 हज़ार 6 सौ 31 मामलों का निपटारा।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा है कि अवैध और नकली शराब के मामलों में संपत्ति जब्त करने का प्रावधान करने वाला हिमाचल देश का पहला राज्य बन गया है। हाल ही में विधानसभा में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम 2011 में संशोधन कर इस तरह की गैर–कानूनी गतिविधियों में शामिल लोगों पर नकेल कसने के लिए ये प्रावधान किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने आज शिमला में बताया कि अवैध और नकली शराब बनाने के धंधे में शामिल लोगों पर लगाम कसने के लिए सरकार सख्त कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि नए प्रावधान अवैध शराब के धंधे जैसी गतिविधियों को नियंत्रित करने में बेहद मददगार साबित होंगे। मुख्यमंत्री के अनुसार सरकार प्रदेश में मादक पदार्थों की तस्करी और इसके इस्तेमाल से निपटने के लिए भी कई कदम उठा रही है।

## अग्निहोत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि ऊना ज़िले में आलू आधारित आर्थिकी को बढ़ावा देने के लिए सरकार ठोस कदम उठाएगी। हरोली के पूबोवाल में आज एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जिस तरह हिमाचल में सेब आधारित आर्थिकी को सफलता

मिली है, उसी तरह ऊना में आलू के लिए भी संभावनाएं हैं। अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार मज़बूत व्यवस्था बनाकर आलू आधारित आर्थिकी तंत्र विकसित करने के लिए काम करेगी। इस अवसर पर उन्होंने पौधरोपण भी किया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी समझने का आह्वान किया।

**प्याज**

केन्द्र सरकार उपभोक्ताओं को किफायती मूल्य पर प्याज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए थोक बिक्री की रणनीति अपना रही है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा है कि सरकार बढ़ती मांग–आपूर्ति परिस्थितियों और कीमतों के रुझानों के आधार पर प्याज की लक्षित और स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रही है। केन्द्र सरकार का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि देश भर में हर घर तक सस्ती दरों पर प्याज पहुंच सके। मंत्रालय ने कहा कि प्याज की कीमतों पर निगरानी रखने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

**अनुराग ठाकुर**

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत देशभर में अब तक 2 करोड़ 40 लाख लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली है। धर्मशाला में आज सदस्यता अभियान के दौरान उन्होंने कहा कि धर्मशाला क्षेत्र में अभियान के तहत साढ़े 4 हज़ार लोगों को सदस्यता दिलाई गई है। प्रदेश कांग्रेस सरकार की कार्यप्रणाली की चर्चा करते हुए अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि 75 वर्षों में जितना कर्जा लिया गया है उसका 50 प्रतिशत कर्ज पिछले केवल डेढ़ साल के कार्यकाल में ही सुक्खू सरकार ने लिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आर्थिक कुप्रबंधन इस ओर इशारा कर रहा है कि हिमाचल दिवालियापन की ओर अग्रसर है।

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने संजौली के बाद मण्डी में भी लोगों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर की गई बलपूर्वक कार्रवाई को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों के लोकतांत्रिक प्रदर्शन को बर्बरता से कुचलने का प्रयास कर रही है और जनभावना का आदर नहीं किया जा रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार के इस तरह के रवैये से प्रदेशभर में लोगों का प्रदर्शन उग्र होता जा रहा है।

उन्होंने प्रदेश सरकार को लोगों की भावना का सम्मान करने और उन्हें न्याय का भरोसा दिलाए जाने की सलाह भी दी है। विपक्ष के नेता ने ये भी कहा कि हिमाचल एक शांतिप्रिय राज्य है और किसी भी तरह से टकराव की स्थिति उचित नहीं है।

## प्रदर्शन

इस बीच, राजधानी शिमला से शुरू हुए मस्जिद विवाद को लेकर हिन्दू संगठनों ने आज प्रदेश के विभिन्न ज़िलों में बंद का आह्वान किया। ऐसे में कई स्थानों पर बंद का असर देखा गया और कुछ समय के लिए बाज़ार बंद रहे। हिन्दू संगठनों ने आज सिरमौर ज़िले के पांवटा साहिब और शिमला के सुन्नी में विरोध प्रदर्शन किया। कुल्लू में भी हिन्दू संगठनों ने रोष रैली निकाली और राज्यपाल व मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज कर अखाड़ा बाज़ार में बनी मस्जिद को हटाने का आग्रह किया। वहीं इस मुद्दे पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आश्वासन दिया है कि अवैध निर्माण पर सरकार कड़ी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार हिन्दू संगठनों के साथ बातचीत के लिए भी तैयार है।

## लोक अदालत

देशभर में आज राष्ट्रीय लोक अदालतों का आयोजन किया गया। प्रदेश में भी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति ममीदन्ना सत्य रत्न श्री रामचंद्र राव और न्यायाधीश न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इन अदालतों में विभिन्न पीठों के समक्ष एक लाख 7 हज़ार से अधिक मामले उठाए गए जिनमें से 64 हज़ार 6 सौ 31 मामलों का निपटारा किया गया।

## शहीद

हमीरपुर ज़िले में नादौन विधानसभा क्षेत्र से संबंध रखने वाले अरविंद सिंह जम्मू—कश्मीर में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हो गए हैं। उनकी शहादत की खबर मिलते ही हमीरपुर ज़िले सहित पूरे प्रदेश में शोक की लहर है। शहीद अरविंद सिंह वर्तमान में राष्ट्रीय राईफल्स में डोडा किश्तवाड़ में तैनात थे। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने अरविन्द सिंह की शहादत पर गहरा दुख जताते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना जताई है। उन्होंने कहा कि शहीद अरविंद सिंह के बलिदान को देश कभी नहीं भूल पाएगा। अपने शोक संदेश में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि अरविन्द सिंह ने देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है और राज्य सरकार दुख की

इस घड़ी में शहीद के परिवार के साथ है। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने भी अरविन्द सिंह की शहादत पर उन्हें श्रद्धांजलि दी है।

**हिन्दी दिवस**

आज हिन्दी दिवस मनाया जा रहा है। 14 सितंबर 1949 को भारतीय संविधान सभा ने हिंदी को देवनागरी लिपि में भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया। 1953 से हर साल 14 सितंबर हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य हिंदी भाषा के महत्व और प्रसार को बढ़ावा देना और हिंदी को राष्ट्रीय स्तर पर प्रसारित करना है। हिन्दी विश्व में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है और 52 करोड से अधिक लोगों की पहली भाषा है।

**राज्य समारोह**

हिन्दी दिवस के अवसर पर राज्यस्तरीय समारोह शिमला के गेयटी थियेटर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने हिन्दी दिवस को लेकर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने लोगों से अंग्रेज़ी भाषा से बाहर निकल कर हिन्दी भाषा के अधिक से अधिक प्रयोग पर बल दिया। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री भी विभिन्न देशों में अपने संबोधन में मातृभाषा हिन्दी का प्रयोग करते हैं जिससे हमारे देश को एक अलग पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि अपनी भाषा व संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विदेशों में रह रहे हिमाचलियों के साथ भी मेल–मिलाप को बढ़ावा देने की ज़रूरत है। हिन्दी दिवस के अवसर पर अन्य स्थानों पर भी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**पठानिया**

विधानसभा में उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा है कि उत्तर भारत की प्रसिद्ध श्री मणिमहेश यात्रा के मास्टर प्लान को लेकर मामला मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा। चम्बा ज़िले के छतराड़ी में आज जनसुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि ज़िला चम्बा के साथ कांगड़ा ज़िले को भी मास्टर प्लान का हिस्सा बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु मणिमहेश पहुंच रहे हैं, ऐसे में श्रद्धालुओं को सभी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित बनाया जाना बेहद ज़रूरी है।

**दशहरा समारोह**

अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा महोत्सव इस वर्ष 13 से 19 अक्तूबर तक आयोजित किया जाएगा। मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि इस महोत्सव में अधिक से अधिक देशों की सहभागिता सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। नई दिल्ली स्थित हिमाचल सदन में दशहरा उत्सव को लेकर आयोजित कर्टेन रेज़र समारोह में उन्होंने कहा कि इस महोत्सव में हिमाचल प्रदेश के रंगारंग लोक नृत्यों के साथ–साथ विभिन्न देशों की संस्कृति को भी प्रदर्शित किया जाएगा।

**मार्ग बहाल**

किन्नौर ज़िले में मालिंग नाला के पास भारी भूस्खलन के चलते अवरूद्ध राष्ट्रीय उच्च मार्ग–5 आज सभी तरह के वाहनों के लिए बहाल कर दिया गया है। इस मार्ग के अवरूद्ध होने के कारण चांगो, शलखर और समदो सहित स्पीति क्षेत्र का सड़क संपर्क पूरी तरह से कट गया था। सीमा सड़क संगठन के प्रयासों से मार्ग खुलने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- मुख्यमंत्री ने कहा– अवैध और नकली शराब के मामलों में संपत्ति जब्त करने का प्रावधान करने वाला देश का पहला राज्य बना हिमाचल।
- ऊना ज़िले में आलू आधारित आर्थिकी को बढ़ावा देने के लिए सरकार उठाएगी ठोस कदम।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने मण्डी में पिछले कल लोगों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर की गई बलपूर्वक कार्रवाई को बताया दुर्भाग्यपूर्ण।
- राष्ट्रीय लोक अदालतों में आज प्रदेशभर में हुआ 64 हज़ार 6 सौ 31 मामलों का निपटारा।